राजस्थान में 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट, 23 अगस्त से मानसून होगा कमजोर

जयपुर,वेब वार्ता । राजस्थान में शुक्रवार (21 अगस्त 2026) को मौसम विभाग ने प्रदेश के 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, 22 अगस्त को 13 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त से चार-पांच दिन तक राज्य में मानसून के कमजोर रहने की संभावना व्यक्त की है।



मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को धौलपुर में सबसे ज्यादा 29 मिमी (लगभग 1.14 इंच) बारिश हुई। राजधानी जयपुर में जेएलएन मार्ग पर सबसे ज्यादा 17 मिमी पानी बरसा। कोटा, झालावाड़, भरतपुर और दौसा के इलाकों में भी हल्की बारिश (10 मिमी से कम) हुई। पिछले 24 घंटों में धौलपुर के बसाईनवांब में 19 मिमी, अलवर के टहला में 16 मिमी, बारां के शाहबाद में 17 मिमी, बारां शहर में 16 मिमी और टोंक में 11 मिमी बारिश हुई।

प्रदेश में पिछले दिनों ज्यादातर इलाकों में बारिश नहीं होने से पारा चढ़ने लगा है। श्रीगंगानगर 40.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा।

मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, वर्तमान में पूर्वी भारत के ऊपर बना वेल मार्क लो प्रेशर सिस्टम कमजोर होकर लो प्रेशर में तब्दील हो चुका है। मानसून ट्रफ लाइन अभी अमृतसर, निजामाबाद, फतेहगढ़, हरदोई होकर इस लो-प्रेशर सिस्टम से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

उन्होंने बताया कि जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राई रहेगा। हालांकि श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और आसपास के क्षेत्रों में 21 से 23 अगस्त के बीच कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान के उदयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के अधिकांश भागों में भी एक सप्ताह मानसून कमजोर रहने की प्रबल संभावना है। वहीं, भरतपुर, जयपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में 20 से 23 अगस्त के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की उम्मीद है।

जोधपुर में मौसम साफ, बारिश का अलर्ट नहीं :मानसून सीजन में अब तक 30 फीसदी कम बरसात

जोधपुर,वेब वार्ता ।मौसम विभाग ने जोधपुर में शुक्रवार को मौसम साफ बना रहने और हल्के बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। हालांकि बारिश की संभावना नहीं है।



मौसम विभाग के अनुसार 27 अगस्त तक बारिश का अलर्ट नहीं है। गुरुवार को भी हल्के बादल छाए लेकिन शहर में बारिश नहीं हुई।

गुरुवार अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य तापमान से 0.1 डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.0 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश नहीं होने की संभावना जताई है।

अब तक 27 फीसदी कम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार 20 अगस्त तक जोधपुर में एक जून से सामान्य से 30 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सामान्य बारिश 219.3 एमएम होनी चाहिए थी,जबकि इस बार केवल 189.2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जो कि मानसून सीजन क सामान्य से 30.1 फीसदी कम है। 27 अगस्त तक बारिश की संभावना नहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों के लिए जोधपुर शहर में किसी भी तरह का कोई बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। हालांकि इस दौरान बादल छाए रहेंगे। 27 अगस्त तक मौसम सामान्य रहेगा। इस दौरान तापमान में भी करीब 1 से 2 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है।

जयपुर में सरकारी टीचर ने किया सुसाइड :ससुराल वाले बेटा नहीं होने का ताना मारते थे; पिता को कहा था- ये लोग मार डालेंगे

जयपुर,वेब वार्ता ।जयपुर में सरकारी महिला टीचर ने ससुराल वालों से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। टीचर के बेटा नहीं होने पर ससुराल वाले ताना मारते थे। टीचर के पिता का कहना है कि बेटी ने फोन पर कहा था कि 'बेटा नहीं होने से ये लोग (ससुराल वाले) मुझे मार डालेंगे।'



मामला भट्ठाबस्ती थाने का है। भट्ठाबस्ती स्हाइ सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि शास्त्री नगर के शिव कॉलोनी निवासी नीरू गुप्ता (40) ने सुसाइड किया है। वह रींगस के सरकारी स्कूल में टीचर थी। मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे स्कूल से घर लौटी थी। इसके बाद अपने कमरे में जाकर उसने सुसाइड कर लिया। परिवार के लोग शाम करीब 6:30 बजे कमरे में गए तो वह फंदे पर लटकी मिली।

फंदे से नीचे उतारकर परिजन उसे कांवटिया हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टीचर के पिता पुष्करलाल गुप्ता निवासी परमहंस कॉलोनी मुरलीपुरा की शिकायत पर पुलिस ने टीचर के पति और ससुरालवालों पर सुसाइड के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

शादी के बाद से करते थे परेशान

टीचर के पिता ने बताया कि जनवरी 2013 में उन्होंने बेटी की शादी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) योगेश अग्रवाल से की थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर बेटी को परेशान कर रहे थे।

दिसंबर 2013 में बेटी को जन्म देने के बाद ससुरालवालों का टॉर्चर बढ़ गया। पोते की आस में बैठे ससुराल वाले ताने मारकर परेशान करने लगे। फरवरी 2019 में दूसरी बेटी के जन्म के बाद और ज्यादा परेशान करने लगे।

पिता का कहना है कि नवंबर 2021 में मारपीट कर ससुरालवालों ने बेटी को घर से निकाल दिया था। दामाद ने भी अपने परिवार का साथ दिया था। करीब सवा महीने बाद समझाइश होने पर बेटी को वापस ससुराल भेजा था।

टॉर्चर से परेशान होकर उठाया कदम

साल 2023 में बेटी की रींगस के सरकारी स्कूल में टीचर की नौकरी लग गई। इसके बाद भी टॉर्चर कम नहीं हुआ और ससुराल वाले पोते का कहकर परेशान करते रहे। पिता कहना है कि कई बार बेटी ने फोन पर उसके साथ हो रही प्रताड़ना के बारे में बताया था।

जुलाई 2026 में नीरू के भाई के दूसरा बेटा होने का पता चलने पर ससुरालवालों ने हंगामा कर दिया। उसे धमकाया कि 'तेरे भाई के बेटे पर बेटे हो रहे हैं, तू बेटियां पैदा कर रही है।'

पिता ने रिपोर्ट में बताया कि तब बेटी ने फोन कर कहा था कि- 'पिताजी मेरे बेटा नहीं होने से ये लोग मुझे मार डालेंगे। आप मेरी दोनों बेटियों का ध्यान रखना। जिसके बाद उसकी संदिग्ध मौत की खबर उन्हें दी गई।'

राष्ट्रनायक दुर्गादास जयंती पर दायित्वबोध कार्यक्रम

टूआ गांव में आयोजन, मातृशक्ति से बच्चों को संघ के शिविरों में भेजने का आह्वान



जालोर/सिरोही, 21 अगस्त (का.सं.)। क्षत्रिय युवक संघ ने राष्ट्रनायक वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती के उपलक्ष्य में दायित्वबोध पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इसी कड़ी में सिरोही प्रांत के टूआ गांव में एक कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन देश भर में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ देरावर सिंह उचमत ने गणेश वंदना और प्रार्थना के साथ किया। इस अवसर पर टूआ शाखा के शाखा प्रमुख अनोप सिंह, शिक्षण प्रमुख हर्षवर्धन सिंह और विस्तार प्रमुख जसुपाल सिंह टूआ ने दुर्गादास जी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। शेर सिंह ने दुर्गादास जी के अजीत सिंह को मारवाड़ का राजा बनाने के लिए किए गए 30 वर्षों के संघर्ष को याद किया।

शैतान सिंह ने राष्ट्रनायक दुर्गादास के अदम्य साहस, त्याग और संघर्ष पर प्रकाश डाला। शैलेन्द्र सिंह उथमण ने बताया कि क्षत्रिय युवक संघ दुर्गादास के जीवन मूल्यों को युवाओं तक पहुंचाकर उनमें संस्कार और कर्तव्यबोध जागृत कर रहा है। उन्होंने दुर्गादास की माता नेत कंवर को स्मरण करते हुए उपस्थित मातृशक्ति से अपने बच्चों को संघ के शिविरों में भेजने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में जोग सिंह, लक्ष्मण सिंह कालूसिंह, ओब सिंह, भरत सिंह, अर्जुन सिंह, इंदर सिंह, लक्ष्मण सिंह और टूआ बालिका शाखा प्रभारी किस्मत कंवर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

आपके परिवार का सुरक्षा कवच
हर मौसम में, हर बिमारी से
जौली तुलसी 51 ड्रॉप्स की 5 बूँदे रोज पीने से इम्यूनिटी बढ़ायें, शरीर को डिटॉक्स (Detox)करें और पूरे परिवार को सैंकड़ों बिमारियों से रखें सुरक्षित।
5 तरह की तुलसियों से बहुत ही खास विधि द्वारा तैयार अर्क



पेट गैस, जलन
बदहज़मी
कब्ज़
जीभ के छाले
कील मुहांसे
झड़ते बाल
छाईयां एवं झुर्रियां
सुन्न होना
मुँह की दुर्गंध

वायरल संक्रमण
एलर्जी
चर्म रोग
सांस रोग
कमजोरी
चक्कर आना
ध्यान लगाने में परेशानी
थकान में असरकारक

CLINICALLY TESTED
JOLLY
तुलसी 51 ड्रॉप्स
लैब प्रमाणित इम्यूनिटी वर्धक और डिटॉक्सीफायर
वर्षों पुराना और विश्वसनीय प्रॉडक्ट करोड़ों संतुष्ट ग्राहक
हर मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध Helpline: 0161-520-1518

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत :कोटा में इलाज के दौरान तोड़ा दम, बूंदी से हिंडोली की तरफ जाते समय हादसा

कोटा,वेब वार्ता ।बूंदी के तालेड़ा रेलवे कॉलोनी निवासी हुकमचंद (42) की सड़क हादसे में मौत हो गई। हुकमचंद गुरुवार शाम करीब 4 बजे वे मोटरसाइकिल से बूंदी से हिंडोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।



हॉस्पिटल में तोड़ा दम हादसे में हुकमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए बूंदी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें कोटा एमबीएस अस्पताल रेफर कर दिया।

परिजन उन्हें कोटा लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान हुकमचंद ने दम तोड़ दिया।

तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर मृतक के भाई कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि हुकमचंद पंडिताई का काम करते थे और काम के सिलसिले में बाइक से बूंदी से आगे जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से बाइक को टक्कर मार दी। हुकमचंद के शव को कोटा एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पुलिस ने हादसे के संबंध में जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

नहर में पानी-कचरे के बीच मिला युवक का शव : पहचान नहीं हुई, 2 से 3 दिन पुरानी लग रही बॉडी



कोटा,वेब वार्ता ।कोटा केदई मुख्य नहर में आज सुबह एक युवक का शव मिला। नहर के पास से गुजर रहे लोगों ने पानी और कचरे के बीच शव को देखा। पुलिस और नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची।

गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। शव करीब दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मामला रामपुरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। 25 से 30 साल का लग रहा युवक रामपुरा थाने के एएसआई मोरध्वज ने बताया कि दाई मुख्य नहर में करीब 25 से 30 साल के युवक का शव मिला है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आस-पास के थाना क्षेत्रों में युवक की पहचान की कोशिश कर रही है। आस-पास के इलाकों से लापता हुए लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है। पुलिस के अनुसार- पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी। उनकी मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर नियमानुसार शव सौंपा जाएगा।

रुपए दोगुने करने का झांसा देकर 5.21 लाख ठगे

पूजा के नाम पर लिए रुपए; पीड़ित को कमरे में रहने को कहा, रुपए लेकर फरार हुआ

जालोर। उदयपुर के बड़गांव थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को रुपए दोगुने करने का झांसा देकर एक आरोपी ने 5.21 लाख रुपए ठग लिए। प्रार्थी अश्विनी कुमार (50) निवासी ब्यावर ने बड़गांव थाने में गुरुवार रात को मामला दर्ज कराया। अश्विनी कुमार ने कहा- आरोपी राहुल को बातचीत के दौरान मेरे पास रुपए होने का पता लग गया था। तब उसने मुझे कहा कि वह रुपए दोगुना कर देगा। साथ ही मुझे कहा कि इसके लिए पूजन सामग्री लानी पड़ेगी।

पीड़ित अश्विनी कुमार ने कहा- मैं पूजन सामग्री लाया और राहुल को सौंप दी। फिर राहुल ने बड़ी स्थित एक विला में पूजन सामग्री रखकर पूजा शुरू की। इसके बाद राहुल ने मुझसे रुपए डबल करने के लिए मांगे।

मैंने 5.21 लाख रुपए आरोपी राहुल को दे दिए। आरोपी ने रुपए अपने सामने रखकर मंत्र पढ़ना शुरू किया और मुझे दूसरे कमरे में बैठा दिया। कुछ घंटे बीत जाने के बाद भी जब आरोपी ने मुझे वापस अपने कमरे में नहीं बुलाया। तब मुझे संदेह हुआ। मैंने बाहर आकर कमरे में देखा तो राहुल गायब मिला और मौके पर रुपए भी नहीं थे।

दोस्त का दोस्त था आरोपी, शातिर तरीके से बनाया ठगी का शिकार

ब्यावर निवासी प्रार्थी अश्विनी ने बताया- मैं अपने मित्र धरमजीत के साथ 18 अगस्त को उदयपुर आया था। दोनों उदयपुर में बड़ी स्थित एक विला में रुके। उसने बताया- हम दोनों 19 अगस्त को अपनी कार से गुजरात स्थित सामला जी दर्शन के लिए गए। तभी मेरे मित्र मोहन का फोन आया। बोला- मेरा एक जानकार राहुल है, उसे उदयपुर लेकर आना। हम उसे कार में बैठाकर उदयपुर ला रहे थे।

गहने-लूटने से रोका तो बदमाशों ने युवक को गोली मारी

शरीर में कई जगह छर्रे लगे, आरबीएम हॉस्पिटल रेफर

भरतपुर,वेब वार्ता ।डीग जिले के नगर थाना इलाके के दुंदावल गांव में देर रात दो बाइक सवार बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की। बदमाशों ने गांव की महिला अबीदा से घर के बाहर पशुओं का काम करते समय गहने लूटे थे। अबीदा के शोर मचाने पर गांव के युवकों ने दोनों लुटेरों को पकड़ लिया, लेकिन कहासुनी के बाद उन्हें छोड़ दिया। इसके बाद बदमाश वापस गांव आए और फायरिंग कर दी, जिसमें एक युवक के शरीर में कई जगह छर्रे लगे और उसे आरबीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।



घर के बाहर काम कर रही महिला से लूटे गहनेमामले की जांच के दौरान साइबर थाना नारनौल पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित विक्रम को जोधपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस साइबर गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों की पहचान और उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

घटना दुंदावल गांव की है। गांव के रहने वाले अली मोहम्मद ने बताया कि देर रात करीब 11 बजे गांव की रहने वाली अबीदा घर के बाहर पशुओं का काम कर रही थी। इसी दौरान दो बाइक सवार युवक वहां आए। दोनों ने अबीदा से गहने लूट लिए। अबीदा ने शोर मचाया तो गांव के युवक मौके पर इकट्ठे हो गए। ग्रामीण युवकों ने दोनों बाइक सवार लुटेरों को पकड़ लिया।पुष्करणा मोहल्ले से देवड़ों की भागल जाने वाला मुख्य रास्ता ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। बारिश के बाद कच्चे रास्ते पर पानी भर गया। कीचड़ होने के कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है।

कहासुनी के बाद लुटेरों को छोड़ दिया

अली मोहम्मद के अनुसार गांव के युवकों और लुटेरों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद गांव के युवकों ने दोनों लुटेरों को छोड़ दिया। लुटेरे वहां से जाने के बाद वापस गांव में आए।नाकाबंदी और वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहन को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ा और चालक प्रवीण निवासी भिवानी, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया।

वापस आकर कई राउंड फायरिंग की

गांव में वापस आते ही दोनों लुटेरों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। बदमाशों की ओर से कई राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग की घटना में साहिब खान के हाथ और छाती में छर्रे लगे हैं।

नगर से आरबीएम हॉस्पिटल रेफर फतेहपुरा के पास खेत से मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक मुख्य सड़क पर आ गई। कार की तेज रफ्तार के कारण ड्राइवर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सीधे ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में जा घुसी।

छर्रे लगने के बाद घायल युवक को नगर के अस्पताल लेकर जाया गया। वहां से उसे इलाज के लिए आरबीएम हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। पुलिस लगी आरोपियों की तलाश में

नगर थाना अधिकारी लाखन सिंह ने बताया कि अबिदा के पति अली मोहम्मद ने पुलिस को लूट और फायरिंग की शिकायत दी है। खबूक दर्ज की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 0135580700016400, 7358, 7359, 7362, 7368, 7373, 7383, 7385, 7387, 7388, 7391, 7397, 7408, 0135580730021577, 5021, 5041, 5042, 5053, 5060, 5063, 5067, 5075, 5079, 5084, 5086, 5087, 5091, 5104, 5105, 5106, 5107, 5110, 5118, 5120, 5128, 5144, 5145, 5159, बाडमेर, 0138040700004715, 4720, 4721, 4722, 4724, 4743, 5353, 5355, 5359, 5364, 5366, 5367, 5376, 5385, 5393, 5396, 5402, 5403, 5404, 5405, 5410, 5414, 5416, 5417, 5418, 0138040730034439, 4450, 8635, 8643, 8644, 8657, 8658, 8666, 8669, 8676, 8683, 8691, 8692, 8693, 8694, 8695, 8697, 8715, 8716, 8717, 8722, 8728, 8732, 8739, 8743, 8749, 8750, 8758, 8762, 0120, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 0138060700005532, 5541, 6028, 6031, 6033, 6056, 6068, 0138060730008036, 8130, 1161, 1165, 1167, 1176, 1178, 1179, 1180, 1181, 1193, 1204, 1205, 1208, 1211, 1242, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 0114110700048203, 8232, 8269, 9380, 9381, 9404, 9423, 9436, 9445, 9453, 9465, 9507, 9508, 9516, 9522, 9523, 9559, 0114110730037030, 7480, 7594, 2865, 2875, 2893, 2902, 2928, 2929, 2930, 2938, 2948, 2949, 2960, 2966, 2975, 2982, 2987, 2992, 2999, 3004, 3009, 3011, 3038, 3045, 3048, 3049, 3053, 3059, 3071, 3087, 3088, 3098, 3101, 3105, 3109, 3110, 3113, 3114, 3115, 3119, 3127, 3128, 3129, 3156, 3157, 3160, 3161, 3163, 3168, 3172, 3177, 3193, 3196, 3198, 3207, महा मंदिर सर्कल, 0123010700039337, 9352, 9368, 9992, 9993, 0005, 0009, 0015, 0016, 0025, 0029, 0036, 0045, 0123010730049123, 9160, 9235, 9271, 4388, 4438, 4442, 4446, 4449, 4453, 4456, 4457, 4461, 4470, 4480, 4481, 4483, 4487, 4491, 4503, 4516, 4527, 4530, 4545, 4546, 4547, 4557, 4558, 4559, 4565, 4584, 4586, 4594, 4595, 4603, 4620, 4626, फलौदी शाखा राजस्थान, 0135610700017159, 7166, 7804, 7855, 7910, 7961, 7965, 7974, 8021, 8039, 8041, 8051, 8058, 8987, 9011, 9017, 9021, 9024, 9034, 9035, 9036, 0135610730014226, 7060, 7093, 7276, 2112, 2115, 2143, 2149, 2157, 2158, 2160, 2163, 2164, 2165, 2166, 2167, 2176, 2177, 2179, 2181, 2183, 2191, 2205, 2207, 2211, 2213, 2214, 2219, 2238, 2239, 2241, 2244, 2245, 2246, 2264, 2275, 2278, 2279, 2280, 2281, 2286, 2292, 2296, 2297, 2299, 2305, 2320, 2321, 2347, सरस्वती नगर जोधपुर, 0124320700039008, 9140, 9159, 9232, 9259, 9267, 0467, 0468, 0473, 0477, 0481, 0491, 0493, 0496, 0508, 0512, 0513, 0515, 0520, 0521, 0540, 0547, 0553, 0557, 0565, 0566, 0572, 0575, 0578, 0585, 0592, 0593, 0596, 0602, 0605, 0609, 0124320730040307, 0315, 0327, 0388, 0589, 7249, 7256, 7261, 7281, 7297, 7299, 7300, 7303, 7304, 7319, 7324, 7334, 7340, 7349, 7359, 7365, 7369, 7378, 7379, 7382, 7383, 7391, 7392, 7397, 7401, 7409, 7430, 7435, 7440, 7441, 7450, 7455, 7461, 7462, 7467, 7468, 7470, 7471, 7472, 7479, 7485, 7492, 7505, 7521, 7539, 0184, पाली, मानड्या रोड, 0115370700023792, 4179, 4183, 4204, 4223, 4984, 4994, 5024, 5037, 5039, 5041, 5046, 5057, 0115370730028938, 8953, 8959, 2803, 2816, 2817, 2820, 2836, 2871, 2879, 2881, 2882, 2883, 2885, 2889, 2893, 2895, 2903, 2904, 2915, 2919, 2921, 2931, 2934, 2946, 2948, 2956, 2960, 2963, 2965, 2966, 0276, सुमेरपुर, 0135550700013958, 3968, 4010, 4559, 4563, 4570, 4580, 4593, 4598, 4606, 4607, 0135550730023778, 5862, 5899, 5953, 8349, 8484, 8486, 8487, 8488, 8497, 8500, 8527, 8528, 8534, 8542, 8543, 8545, 8551, 8552, 8553, सूरजपोल पाली, 0115410700029948, 9969, 9980, 9992, 0006, 0018, 0849, 0854, 0861, 0866, 0875, 0878, 0881, 0887, 0901, 0906, 0910, 0921, 0935, 0940, 0942, 0115410730028878, 8879, 9298, 9370, 9380, 4123, 4147, 4163, 4183, 4184, 4186, 4191, 4192, 4215, 4216, 4217, 4226, 4227, 4228, 4229, 4230, 4231, 4232, 4236, 4238, 4239, 4240, 4241, 4246, 4247, 4248, 4249, 4250, 4259, 4262, 4264, 4266, 4269, 4271, 4272, 4275, 4276, 4286, 4292, 4293, 4304, 4305, 4309, 4311, 4312, 4319, 4320, 4323, सिरोही, आबू रोड, 0138340700002226, 2521, 2522, 2524, 0138340730021471, 1472, 1474, 1489, 1505, 1506, 1508, 1509, 1513, 1521, 1522, बायपास रोड सिरोही, 0138070700005717, 5727, 5760, 5771, 0138070730009002, 9004, 1772, 1785, 1786, 1787, 1790, 1791, 1792, 1798, 1799, 1809, 1810, 1813, 1814, 1818, 1825, 1828, 1842, 1845, 1860, 1861, गौशाला रोड शिवगंज, 0137980700004876, 4984, 5568, 5572, 5580, 5582, 5592, 5603, 5607, 5608, 0137980730012824, 5875, 5876, 5879, 5882, 5893, 5896, 5897, 5898, 5899, 5902, 5903, 5907, 5908, 5909, 5912, 5915, 5928, 5936, 5942, 5944, 5945, 5946, 5949, 5950, 5965, 5966, 5988, 0227, सिरोही राजस्थान, 0119970700022227, 2779, 2790, 2792, 2794, 2801, 2803, 0119970730044226, 4258, 4261, 4270, 4272, 4273, 4293, 4294, 4298, 4299, 4300, 4301, 4309, 4335, 4343,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लॉट नं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी पूर्व की तरफ, सिरोही बाई-पास सिरोही से मुद्रित व गोगाजी मंदिर के सामने, हिम्मतरामजी माली का मकान, राजेन्द्र नगर जालोर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेल: yuvrajsinghh@gmail.com